प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

<u>प्रसारण तिथि : 14.12.2024</u> <u>प्रसारण समय : 19:20 बजे</u>

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के संजय गांधी स्नाकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 41वें स्थापना समारोह को किया संबोधित : कहा– विकसित भारत के लिये बनाना होगा स्वस्थ भारत।
2. उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा 26 दिसम्बर से : 16 दिसम्बर से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी।
3. प्रयागराज महाकुंभ में जूना अखाड़े के साधु संतों ने आज शाही अंदाज में भव्य शोभा यात्रा के साथ मेला क्षेत्र में किया प्रवेश।
4. प्रदेश में बढ़ी ठंड : मौसम विभाग ने कल के लिये जारी किया शीतलहर का येलो अलर्ट।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के 41वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों और छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने एसजीपीजीआई में चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रेरणास्रोत है।

*पिछले 5–7 वर्ष के दौरान एसजीपीजीआई ने अपनी समय के उस प्रवाह के साथ अपनी स्पीड को बएाया है और अपनी स्पीड बढ़ाने के साथ एसजीपीजीआई ने अपने आपको वर्तमान की प्रतिस्पर्धा के साथ हम खड़े रह सके, इसके लिये जिस विजन के साथ संस्थान के निदेशक संस्थान के साथ फैकल्टी मेम्बर्स यहां के सभी कार्मिकों और यहां के सभी स्टूडेंट्स ने मिल करके संस्थान को आज जिस नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने के लिये कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। अगले वर्ष इस संस्थान के लिये और भी महत्वपूर्ण होने जा रहे है। संस्थान में जो कुछ भी नया हो सकता है, उसको लाने के लिये उसके अनुरूप अपने आपको तैयार करने के लिये हमें पूरी मजबूती के साथ कार्य करना होगा, जुटना होगा।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजीपीजीआई की कार्य क्षमता को तीन गुना बढ़ाने की जरूरत है, मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले इसके लिये सरकार संस्थान को हर संसाधन उपलब्ध करायेगी। श्री योगी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये स्वस्थ भारत बनाना होगा।

———————

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण 26 दिसंबर से होगा। अभ्यर्थी 16 दिसम्बर से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सिपाही भर्ती परीक्षा इसी वर्ष अगस्त माह में दस पालियों में सम्पन्न कराई गई थी। पेश है एक रिपोर्ट......

*उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष डीजी राजीव कृष्ण ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस लाइन में सिपाही भर्ती परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी 16 दिसंबर से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इसके लिए वेबसाइट लिंक भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई असुविधा होने पर अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 8867786192 पर संपर्क कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम 21 नवंबर को घोषित किया गया था। प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के*

*आधार पर आरक्षी नागरिक पुलिस के कुल साठ हजार 244 पदों की तुलना में लगभग ढाई गुना अधिक एक लाख 74 हजार 316 अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

---------

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में एकल प्रवेश प्रणाली लागू की जायेगी, जिससे छात्र ऑनलाइन माध्यम से भी सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगे। यह निर्णय उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक में लिया गया। बैठक में प्रदेश के विश्वविद्यालयों को नियुक्ति समितियों में सरकार के प्रतिनिधित्व के लिये एक समिति गठित किये जाने का भी फैसला लिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उच्च शिक्षा के संचालन और बेहतर समन्वय के लिये निदेशक उच्च शिक्षा का कैम्प कार्यालय लखनऊ में स्थापित किया जायेगा। उन्होंने शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला संचालित किये जाने के भी निर्देश दिये।

---------

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अगले वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इस निर्णय से किसानों पर मुद्रास्फीति और कृषि की बढ़ती लागत का प्रभाव कम होगा।

---------

प्रदेश के सभी जनपदों में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। मिर्जापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित लोक अदालत में 38 हजार से अधिक मुकदमो का निस्तारण किया गया। वहीं 14 लाख से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। उधर, हापुड़ में अपराधिक वादों, पारिवारिक वाद, सिविल और मोटर व्हीकल एक्ट सहित राजस्व संबंधी वादों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।

---------

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

---------

महाकुंभ में अखाड़ों के साधु संतों का औपचारिक प्रवेश आज से शुरू हो गया। जूना अखाड़े के संतों ने आज शाही अंदाज में रथों पर सवार होकर भव्य शोभा यात्रा के साथ मेला क्षेत्र में प्रवेश किया। एक रिपोर्ट..

*प्रयागराज महाकुंभ मेले का खास आकर्षण अखाड़े की पेशवाई यानी छावनी प्रवेश है. सनातन परंपरा के अनुरूप आज जूना अखाड़े के संत आज शाही अंदाज में मेला क्षेत्र में प्रवेश कर महाकुंभ क्षेत्र ने बनी छावनी में प्रवेश कर गए। जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरि और आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि की अगुवाई में हजारों नागा सन्यासी शाही अंदाज में छावनी प्रवेश किया। पेशवाई के दौरान मौज गिरी घाट से कुंभ मेला क्षेत्र तक मेला प्रशासन पुलिस प्रशासन और नागरिकों ने साधु संतों पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया। सज धज का निकली भव्य शोभा यात्रा में साधु संत रथ और योद्धा नागा संन्यासी घोड़े पर सवार नागरिकों का अभिवादन करते रहे ।छावनी प्रवेश के दौरान नागा साधुओं ने युद्ध*

*कला का प्रदर्शन मेला क्षेत्र में मौजूद नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

---------

ताज नगरी आगरा के सदर बाजार में लोगों को कला, शिल्प और संस्कृति से रूबरू कराने के लिये दस दिवसीय ताज़ कॉर्निवाल का कल रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हो गया। एक रिपोर्ट.....

*दस दिवसीय ताज कार्नीवल फेस्टिवल का शुभारम्भ भाजपा विधायक डॉ जी एस धर्मेश, मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी, और जिलाधिकारी अरविन्द मल्लपा बंगारी द्वारा दीप जला कर किया गया। फेस्टिवल में कला, शिल्प, संस्कृति से लोग रूबरू हो रहे हैं। दस दिन तक चलने वाले ताज़ कार्नीवल फेस्टिवल में हर शाम सांस्कृतिक संध्या सजेगी। सांस्कृतिक संध्या के पहले दिन श्री कृष्ण और राधा रानी की सजीव आकर्षण झांकी और उनसे जुड़े भजनो पर लोग झूमें वहीं फ्रांस की गायिका ने बॉलीवुड के गाने गाकर लोगों का दिल जीत लिया। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने कहा कि आगरा में बढ़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां रात्रि प्रवास, संस्कृति और व्यंजनों से पर्यटक परिचित हो सकें, इसलिए ये आयोजन आयोजित किये जा रहे हैं। सज्जन सागर, आकाशवाणी समाचार, आगरा।*

---------

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में ठंड और शीत लहर के लिये येलो अलर्ट जारी किया है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले 48 घंटों तक प्रदेश के कई इलाकों में शीतलहर का दौर जारी रहेगा।

*अगले 48 घंटों के दौरान जो ये शीतलहर की स्थितियां है उत्तरी इलाकों में या कहीं–कहीं दक्षिण तक भी पहुंच रही है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश दोनों में यह अगले 48 घंटे तक बिना किसी विशेष परिवर्तन के जारी रहेंगी। उसके बाद हवाओं की दिशा जो है बदलेगी, पछुआ से पूर्वी हो जायेगी और उसके प्रभाव से अगले 2–3 दिनों में तापमान में 2–3 डिग्री का दछाल आयेगा जिसके वजह से ये शीतलहर वाली स्थिति समाप्त हो जायेगी, परन्तु तराई इलाकों में जो है अगले डे–3 और डे–4 में घना कोहरा होने की संभावना है।*

उधर, अयोध्या में कड़ाके की ठंड से जन जीवन बेहाल है। कल रात जिले का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

---------

लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में 22 दिसंबर से 5 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुल सचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर और इससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में लिखित मौखिक और प्रायोगिक परीक्षाएं अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होती रहेगी।

---------